Email : gcpiparcity@gmail.com 02930-234600

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड़ सिटी

पुलिस स्टेशन के सामने, खेजड़ला रोड़, पीपाड़ शहर, 342601 जिला–जोधपुर

04 November, 2022 को आई.टी. जॉब जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन

आईटी जॉब मेला 11 से, 200 से अधिक निजी कंपनियां साक्षात्कार से देगी रोजगार

भास्कर न्यूज़ | ओसियां

सॉफ्टटेक एज्युकेशन सोसायटी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आईटी जॉब फेयर के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को सॉफ्टटेक एज्युकेशन सोसायटी के सचिव सांगदान पालीवाल व सूचना व प्रौद्यागिकी संचार विभाग के उपनिदेशक नवीन जैन द्वारा किया गया। संस्था द्वारा गैर सरकारी संगठन के तौर पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार जन-जन के हितार्थ व सेवार्थ किया जा रहा है। पालीवाल ने बताया कि आई टी जॉब मेले में 200 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी, जिसमें आईटी, रिटेल, इंजी., इलेक्ट्रिकल, बैंकिंग, पेटोलियम, टेलीकॉम, कंसल्टिंग के क्षेत्र में मेले दौरान ही नियुक्ति पत्र देकर जॉब दिया जाएगा। सूचना एवं प्रौद्यागिकी विभाग उपनिदेशक नवीन जैन ने बताया कि 20 हजार से अधिक बेरोजगारों को हाथो-हाथ जॉब दिया जायेगा। यह मेला आगामी 11 व 12 नवम्बर को पॉलिटेक्निक कॉलेज जोधपुर में सुबह 9 से सांय 6 बजे तक होगा, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार अपना करवा सकते हैं। शिविर में भाग लेने के लिए itjobfair.rajasthan.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस अवसर पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सूचना सहायक, अतिरिक्त प्रोगामर गजेंद्र सिंह, प्रोगामर आसुतोष व्यास, आईटी विभाग से अधिकृत सेवा प्रदाता के सॉफ्टटेक के प्रतिनिधी श्रवण, विकास, कैलाश, ओमप्रकाश, नारायणराम, निवेदिता, प्रियंका, अंकिता, महिला एवं बाल विकास विभाग के देवराज, लक्ष्णमराम, भवानीसिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को मेले में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया।

पीपाड़ शहर | राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड़ शहर में शुक्रवार को आई टी जॉब जागरूकता और पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 11 और 12 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निकल कॉलेज में आयोजित होने वाले आईटी जॉब फेयर में आईटी एवं अन्य सेक्टर्स की अग्रणी कंपनियों में रोजगार के अवसर की जानकारी प्रदान करने के लिए छात्राओं को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पीपाड़ शहर के तत्वावधान में सुनील व्यास प्रोग्रामर व जितेंद्र शर्मा और दिनेश शर्मा ट्रेनर में लगभग 125 छात्राओं को आईटी जॉब फेयर के बारे जागरूक किया गया। पंजीकृत करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीना जैन ने छात्राओं को इस तरह के प्रोग्राम (आयोजनों) में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में जॉब की संभावनाओं के बारे में बताया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बापिणी | राजस्थान डीजी फेस्ट समारोह के प्रचार प्रसार को लेकर कस्बे में बैठक का आयोजन किया गया। बापिणी आईटी विभाग के रामेश्वरसिंह ने बताया कि उक्त फेस्टिवल की सूचना ब्लॉक क्षेत्र के घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रोग्रामर हेमसिंह के निर्देशन में विभिन्न टीमों को प्रचार प्रसार का जिम्मा सौंपा गया है। शुक्रवार को आउ तथा बापिणी ब्लॉक क्षेत्र के समस्त राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के माध्यम से फेस्टिवल की जानकारी दी गई। इस मौके व्यख्याता पुरखाराम शर्मा ,एनकेटी पीईईओ महिपालसिंह सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।